अनुक्रमांक .....

नाम .....

CD/21-22

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 02

वार्षिक परीक्षा 2021-2022

विषय – सामाजिक विज्ञान

समय – 3 घंटा कक्षा – 9 पूर्णांक – 80

नोटः– इस प्रश्न पत्र में कुल 29 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या 1 से 10 तक 1 अंक प्रश्न संख्या 11 से 18 तक 3 अंक प्रश्न संख्या 19 से 28 तक 4 अंक प्रश्न संख्या 29 भारत के मानचित्र से सम्बन्धित हैं, जो 6 अंक का है।

1. जैकोबिन कौन थे ? उनके नेता का नाम लिखिये।
2. हिटलर द्वारा लिखित पुस्तक कौन सी थी ?
3. इम्पीरियल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना कब और कहाँ की गई ?
4. भारत का देशांतरीय विस्तार बताइये।
5. आम्र वर्षा क्या है ?
6. सदाबहार वनों की दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए।
7. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार किसे कहते हैं ?
8. संविधान सभा का गठन कब हुआ था ?
9. आर्थिक क्रियाएँ किन्हें कहते हैं ?
10. मानवकृत दो आपदाओं के नाम लिखिए।
11. फ्रांस की क्रान्ति की शुरुआत किन परिस्थितियों में हुई ?

अथवा

अक्टूबर क्रान्ति के विषय में आप क्या जानते हैं ?

12. सन् 1820 ई० के पश्चात् भारत में वनों को बडे पैमाने पर काटा जाने लगा। इसके लिए कौन–कौन से कारक उत्तरदायी थे ?
13. सदाबहार वन और पर्णपाती वन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भारत में उच्चावच तथा वर्षा प्राकृतिक वनस्पति के वितरण को कैसे प्रभावित करते हैं?

14. भारतीय संविधान की तीन प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
15. हमें संसद की आवश्यकता क्यों हैं ?

अथवा

उपचुनाव तथा मध्याविधि चुनाव में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

16. शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या क्यों हैं ?

अथवा

प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रकों में किस तरह की विभिन्न आर्थिक क्रियाएं संचालित की जाती हैं ?

17. भूकम्प क्या है ? इस आपदा से बचाव के मुख्य उपाय बताइए।

18. मानवकृत आपदा व प्राकृतिक आपदा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

19 फ्रांस की क्रान्ति के परिणामों की व्याख्या कीजिए।

20. 1917 की क्रान्ति का रुस पर क्या प्रभाव पड़ा

अथवा

1917 में जार का शासन क्यों खत्म हो गया ?

21. वर्साय की सन्धि क्या थी ? इस सन्धि को द्वितीय विश्व युद्ध के लिए उत्तरदायी क्यों माना गया ?

22. भारत के आर्थिक विकास में हिमालय पर्वत का क्या महत्व है ? वर्णन कीजिए।

23. **कारण बताइए–**

(क) तमिलनाडु तट पर शीत ऋतु में वर्षा होती है।

(ख) पश्चिमी राजस्थान के कुछ भाग सूखा प्रभावित क्षेत्र हैं।

24. लोकतंत्र के गुणों का वर्णन कीजिए।

25. आपके विचार से लोकतांत्रिक देश में संविधान का महत्व अपेक्षाकृत क्यों अधिक होता है?

26. बेरोजगारी से क्या आशय है ? ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में किस प्रकार की बेरोजगारी पायी जाती है ?

27. भारत में निर्धनता के क्या कारण हैं ? निर्धनता दूर करने के उपाय बताइये।

28. आपदा प्रबन्धन में समुदाय की भूमिका को समझाइये।

29. **भारत के संलग्न मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए–**

(क) लक्षद्वीप समूह

(ख) कोरोमंडल तट

(ग) कंचनजंघा शिखर

(घ) मालवा पठार

(ङ) थार मरुस्थल

(च) नर्मदा नदी

◆◆◆◆◆◆